आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 10.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में शामिल होंगी।
- प्रदेश में यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण कराने का प्रशिक्षण शुरू।
- अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन के दौरान राज्य की लोक संस्कृति और स्थानीय उत्पादों के बेहतरीन प्रदर्शन के निर्देश।
- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू आज नई दिल्ली में केंद्रीय विद्यालयों को 34वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2023–24 के पुरस्कार प्रदान करेंगे।

<u>राष्ट्रपति</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में शामिल होंगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर पर वे लगभग 75 देशों से बड़ी संख्या में आए प्रवासी भारतीयों को संबोधित करेंगी। तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आज आखिरी दिन है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सम्मेलन के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगी और प्रवासी भारतीयों को संबोधित करेंगी। वे चुनिंदा प्रवासी भारतीयों को प्रवासी भारतीय सम्मान 2025 भी प्रदान करेंगी। यह सम्मान किसी प्रवासी भारतीयों या भारतीय मूल के व्यक्तियों द्वारा स्थापित और संचालित किसी संगठन या संस्था को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

<u>यूसीसी प्रशिक्षण</u>

प्रदेश के विभिन्न जिलों में समान नागरिक संहिता– यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण कराने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में चमोली जिले में आज ज्योर्तिमठ, गैरसैंण, थराली, नारायणबगड़ और देवाल के अधिकारियों और कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं कल, विकासखंड नंदानगर, दशोली, कर्णप्रयाग और पोखरी में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बताया गया कि सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी ने यूसीसी लागू करने के लिए एक विशेष एप्लीकेशन विकसित किया है। वहीं, प्रशिक्षकों ने पोर्टल पर ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी। इसमें यूसीसी लागू होने से पहले और बाद में शादी, तलाक, लिविंग रिलेशनशिप, उत्तराधिकार आदि के पंजीकरण करवाने के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि मोबाइल एप के अलावा जन सुविधा केंद्र से भी पंजीकरण करवाया जा सकता है। इसके अलावा ऑफलाइन माध्यम से आवेदन अपलोड किए जा सकते हैं। उधर, रुद्रप्रयाग जिले में विकासखंडवार नामित किए गए रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार कार्मिकों को आगामी 13 से 15 जनवरी तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## मतदान प्रशिक्षण

टिहरी में निकाय चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए मतदान कार्मिकों को पहला प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्षता के साथ चुनाव कराने पर बल दिया।

## मतगणना टेबल

नैनीताल जिले में नगर निगम हल्द्वानी– काठगोदाम की मतगणना के लिए सर्वाधिक 56 टेबल लगाई जाएंगी। जबकि नगर पालिका परिषद नैनीताल और रामनगर के लिए 14–14 टेबल लगाई जाएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने ये जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत की मतगणना के लिए निर्धारित 100 टेबलों के लिए 135 काउंटिंग सुपरवाइजर व 405 काउटिंग सहायक सुपरवाइजर का चयन किया गया है।

## राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल की तैयारियों में जुटे हैं। खिलाड़ियों के साथ ही कोच भी पूरी ऊर्जा के साथ खेलों के लिये खिलाड़ियों को तैयार कर रहे हैं। राज्य सरकार, खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिये सभी आवयश्यक सुविधांए उपलब्ध करा रही है ताकि उत्तराखंड, राष्ट्रीय खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर पदल हासिल कर सके।

इस बीच, 2003 पैरालंपिक भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया ने उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों की प्रशंसा की है। उन्होंने राज्य में राष्ट्रीय खेलों के लिए विकसित की जा रही अवस्थापना सुविधाओं की सराहना की।

## प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन

राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में आगामी 12 जनवरी से होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन के लिए अभी तक 17 देशों से 60 प्रवासियों ने पंजीकरण करवाया है। सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ये जानकारी दी गई। मुख्य सचिव ने सम्मेलन के आयोजन के दौरान राज्य की लोक संस्कृति, खानपान, स्थानीय हस्तशिल्प और उत्पादों के बेहतरीन प्रदर्शन के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन के दौरान उद्यम और ऊर्जा सत्र में राज्य के विकास में प्रवासियों के योगदान, पलायन को रोकने, उत्तराखण्ड में स्टार्ट अप्स के लिए ईको सिस्टम का विकास पर प्रवासियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। वहीं, प्रवासी उत्तराखंड प्रकोष्ठ के सदस्य सुधीर चंद्र नौटियाल ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

<u>पुरस्कार</u>

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू आज नई दिल्ली में केंद्रीय विद्यालयों को 34वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2023–24 के पुरस्कार प्रदान करेंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के लगभग 150 केंद्रीय विद्यालय प्रतियोगिता का हिस्सा रहे। मंत्रालय ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा पीढ़ी में आत्म–अनुशासन, विविध विचारों के प्रति सहिष्णुता और लोकतांत्रिक जीवन शैली के अन्य गुणों को विकसित करना है।

<u>मौसम</u>

राज्य में मौसम के एक बार फिर से करवट बदलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी और मैदानी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के अनेक हिस्सों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इसके अतिरिक्त, अन्य जिलों में भी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा है कि राज्य के तीन हजार आठ सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय अंचल में कल ताजा हिमपात होने का अनुमान है। बर्फबारी का यह दौर बारह जनवरी को भी जारी रहेगा और इस दिन दो हजार आठ सौ मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की उम्मीद है। इस बीच, आज देहरादून सहित राज्य के विभिन्न मैदानी हिस्सों में हल्के से मध्यम कोहरा छाया हुआ है। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में भी पाला पड़ने से सुबह और शाम के वक्त अत्यधिक ठंड महसूस की जा रही है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक है।

<u>निरीक्षण</u>

रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने बसुकेदार तहसील का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील के लिए नए कार्यालय भवन बनाए जाने के लिए ग्राम बष्टी पस्ता बैंड तिलोधार नामक तोक पर चिन्हित जमीन का भी जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को आम जनमानस द्वारा दर्ज की जाने वाली शिकायतों और उनके आवेदन पत्रों को त्वरित गति से निराकरण करने के निर्देश दिए।